**F.No. A-42011/01/2023-समन्वय**
**भारत सरकार**
**आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय**
**समन्वय प्रभाग**
***

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 16 अप्रैल, 2024

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए फरवरी, 2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति फरवरी, 2024 के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

संलग्नक - यथोपरि

हरिमोहनझा 16/04/2024

**( हरि मोहन झा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष: 2306 1047**

**सेवा में,**

**मंत्रिपरिसद के सभी सदस्य।**

*<u>प्रति प्रेषित (संलग्नक सहित):</u>*

1. भारत सरकार के सभी सचिव।
2. आई.टी. सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**अनुलग्नक**

**<u>फरवरी, 2024 माह के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के महत्त्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/कार्यक्रमों का सार</u>**

**I. स्वच्छ भारत मिशन**

i. माह में **1,798** व्यक्तिगत घरेलू शौचालय इकाइयों (आईएचएचएल) का निर्माण कार्य पूरा किया गया, जिससे **58.99** लाख आईएचएचएल के मिशन लक्ष्य की तुलना में योजना के शुरू होने से अब तक व्यक्तिगत घरेलू शौचालय इकाइयों की कुल संख्या **63.12** लाख हो गई है।

**II. स्मार्ट सिटी मिशन**

- माननीय प्रधान मंत्री ने **23.02.2024** को वाराणसी स्मार्ट सिटी द्वारा "वाराणसी: आध्यात्मिक आधुनिकीकरण" नामक कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया। यह पुस्तक स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वाराणसी में कार्यान्वित परियोजनाओं और उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित करती है।

- दूसरा भारत-जापान उप-समूह स्मार्ट सिटी सम्मेलन **26** फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें दोनों देशों के स्मार्ट शहरों और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

- बेलगावी स्मार्ट सिटी को इंडियन एक्सप्रेस/एक्सप्रेस कंप्यूटर अवार्ड में 'सर्वश्रेष्ठ एआई सॉल्यूशन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेलगावी ने स्मार्ट कक्षाओं वाले स्कूलों के उन्नयन और शहर में आईसीसीसी के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

- जम्मू ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ई-बस सेवा की शुरुआत करके स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल यात्रा को अपनाया।

- माह के दौरान **1,214** करोड़ रुपये की **104** परियोजनाएं पूर्ण की गईं।

**III अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)**

**<u>अमृत</u>**

i. माह के दौरान 4,288 करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं का कार्य पूरा किया गया।
ii. माह में कुल 305 करोड़ रुपये के कार्य पुरे किए गये l

**<u>अमृत 2.0</u>**

i. 5,996 करोड़ रुपये की लागत वाली 199 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दी गई।

ii. 5,976 करोड़ रूपये की लागत वाली 255 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी कर दी गई है।

iii. 3,532 करोड़ रुपये की लागत वाली 304 परियोजनाओं के लिए अनुबंध प्रदान किया गया है।

iv. 55 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है।

v. अमृत 2.0 के तहत, जल गुणवत्ता परीक्षण, पार्क रखरखाव, बिल संग्रहण/वितरण, डब्ल्यूटीपी/एसटीपी/एफएसटीपीपी के रखरखाव आदि जैसे कार्यों में महिला स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए अमृत मित्र एक पहल शुरू की गई थी। । महीने के दौरान, 18 राज्यों से 278 परियोजनाओं के लिए रु. 24.40 करोड़ स्वीकृत हुए।

## IV. दीनदयाल अंत्योदय योजना/राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई/एनयूएलएम)

माह के दौरान 11,048 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का गठन किया गया। 12,567 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया, 10,547 लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए ऋण की सहायता दी गई और एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूहों को 23,243 ऋण दिए गए।

## V. प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/सभी के लिए आवास (एचएफए)

- शुरुआत से, मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों की मंजूरी दी है, जिनमें से 114.01 लाख आवास का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिनमें से 81.02 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं/ सुपुर्द किए जा चुके हैं।
- महीने के दौरान 2,789.47 करोड़ रुपये जारी किए गए, जिससे शुरुआत से यानी जून 2015 से कुल मिलाकर 1,58,992 करोड़ रुपये हो गए।

## VI. आवास

इस महीने में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 के तहत हुई प्रगति:

- 1670 रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गईं
- 261 रियल एस्टेट एजेंट पंजीकृत किये गये
- विभिन्न रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 1,585 शिकायतों का निपटारा किया गया

## VII. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

1. माननीय प्रधान मंत्री ने माह के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं का लोकार्पण/उद्घाटन किया:
   (i) 20 फरवरी, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) बेरहामपुर (ओडिशा) का स्थायी परिसर।
   (ii) 20 फरवरी, 2024 को वर्चुअल रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय, नारायणपुर, छत्तीसगढ़
   (iii) 20.02.2024 को आईआईटी, गांधीनगर के लिए शैक्षणिक ब्लॉक और आवासीय और छात्रावास भवनों (चरण-II ए) के निर्माण की आधारशिला रखी गई।
   (iv) 06 फरवरी, 2024 को वर्चुअल रूप से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गोवा का स्थायी परिसर

2. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा 21 फरवरी, 2024 को दिव्यांग जनों के कौशल विकास, पुनर्वास और रोजगार के लिए समग्र क्षेत्रीय केंद्र, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया गया।

3. माननीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री राजकुमार रंजन सिंह द्वारा 19 फरवरी, 2024 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) अमरकंटक, मध्य प्रदेश के अकादमिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया।

4. माननीय केंद्रीय मंत्री, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास श्री किशन रेड्डी गंगापुरम, ने 04 फरवरी, 2024 को द्वारका में उत्तर पूर्वी सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थान की आधारशिला रखी और वर्चुअल रूप से नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में बराक छात्रावास का उद्घाटन किया।

5. माननीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 07 फरवरी, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू में इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया।

6. दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर दिल्ली पुलिस वर्क्स के निर्माण के लिए 06 फरवरी, 2024 को सीपीडब्ल्यूडी और दिल्ली पुलिस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

7. सीपीडब्ल्यूडी द्वारा एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) के कार्यान्वयन और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के लिए सीपीडब्ल्यूडी में 05 से 09 फरवरी, 2024 तक आरटीआई में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

*****